15 अप्रैल तक शुरू कराएं जिला चिकित्सालय के प्राइवेट वार्ड

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 3 अप्रैल। जिला चिकित्सालय मुरार में नवनिर्मित प्राइवेट वार्डों को 15 अप्रैल तक शुरू कराएं। शुरू करने से पहले प्राइवेट वार्ड में आवश्यक फर्नीचर, एयर कंडीशनर (एसी), काउण्टर इत्यादि व्यवस्थायें सुनिश्चित करेंगे। साथ ही प्राइवेट वार्डों के लिये मेन पॉवर (चिकित्सकीय स्टाफ) की भी व्यवस्था कर ली जाए। यह निर्देश कलेक्टर रुचिका चौहान ने जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक को दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर कुमार सत्यम भी मौजूद थे। कलेक्टर रुचिका चौहान ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खासतौर पर प्राइवेट वार्डों का जायजा लिया और 15 अप्रैल तक प्राइवेट वार्ड प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राइवेट वार्डों में मरीजों को प्रावधानों के अनुसार सभी आवश्यक सुविधायें मिलनी चाहिए।

कलेक्टर चौहान ने जिला चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश

कलेक्टर ने जिला चिकित्सालय प्रबंधन की बैठक लेकर प्राइवेट वार्डों के मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. आर के शर्मा सहित अन्य चिकित्सकगण मौजूद थे।

फील्ड ट्रेनर्स ने घरों में पहुँचकर समझीं जनगणना की बारीकियां

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 3 अप्रैल। भारत सरकार द्वारा कराई जा रही जनगणना 2027 के अंतर्गत ग्वालियर जिले के फील्ड ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के आखिरी दिन शुक्रवार को प्रशिक्षुओं द्वारा फील्ड विजिट कर यानि घरों में पहुँचकर व्यवहारिक रूप से जनगणना की बारीकियां समझीं। फील्ड ट्रेनर्स ने प्रगणक व सुपरवाइजर के रूप में मकान सूचीकरण संबंधी डाटा संग्रहण का कार्य कर प्रतीक स्वरूप मकानों की गणना की। इन फील्ड ट्रेनर्स द्वारा जिले में जनगणना के लिये नियुक्त किए गए लगभग 5 हजार प्रगणक व सुपरवाइजर को प्रशिक्षित किया जायेगा।

बाल भवन में आयोजित हुए तीन दिवसीय प्रशिक्षण के आखिरी दिन प्रशिक्षण ले रहे सभी 82 प्रशिक्षणर्थियों को तीन समूहों

में विभाजित कर व्यवहारिक रूप से जनगणना सिखाने के लिये फील्ड विजिट कराई गई। इनमें से एक समूह को ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बरई में जनगणना के लिये ले जाया गया। दो अन्य समूहों द्वारा नगरीय क्षेत्र के अंतर्गत कर्मचारी आवास विकास कॉलोनी महलगाँव जाकर जनगणना कार्य किया गया। इस दौरान वास्तविक परिस्थितियों में 01 मई 2026 से होने जा रही जनगणना (मकान गणना) की बारीकियों एवं आने वाली कठिनाइयां व उनके निदान को बारीकी से समझा गया।

प्रथम चरण में होगी मकानों की गणना, 34 बिंदुओं की जानकारी होगी संकलित : मुख्य प्रशिक्षक एस बी ओझा ने बताया कि भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त कार्यालय द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जनगणना के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का काम 01 मई से 31 मई 2026 तक किया जायेगा। जिसमें 34 बिंदुओं में जानकारी संकलित होगी।

अनाज, खाद्यान्न एवं मोबाइल की ली जानकारी

इसमें भवन व मकान नम्बर सहित मकान की स्थिति, परिवार क्रमांक, परिवार के मुखिया का नाम, लिंग, मकान किराए का है अथवा स्वयं का, कमरों की संख्या, परिवार के विवाहित दम्पतियों की संख्या, पेयजल के मुख्य स्त्रोत, पेयजल स्त्रोतों की उपलब्धता, प्रकाश का मुख्य स्त्रोत, शौचालय की सुगमता, शौचालय का प्रकार, गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था, परिसर के अंदर स्नान की सुविधा, रसोई घर व एलपीजी-पीएनजी कनेक्शन, खाना पकाने के लिये प्रयुक्त मुख्य ईंधन, रेडियो/ट्रांजिस्टर व टेलीविजन की उपलब्धता, इंटरनेट सुविधा, लेपटॉप/कम्प्यूटर की उपलब्धता, टेलीफोन, मोबाइल फोन व स्मार्ट फोन इत्यादि की उपलब्धता, साइकिल, स्कूटर, मोटरसाइकिल, मोपेड, कार, जीप व वैन, परिवार द्वारा उपयोग में लाए जाने वाले अनाज, मसलन चावल, गेहूं, ज्वार, बाजरा, मक्का व अन्य खाद्यान्न एवं मोबाइल फोन इत्यादि जानकारी शामिल है।

पार्षद धर्मेंद्र वर्मा ने कई स्थानों पर लगवाई कुर्सियां

ग्वालियर, 3 अप्रैल। वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद किरण धर्मेंद्र वर्मा द्वारा गर्मियों के चलते लोगों को छांव में बैठकर आराम करने के लिए अपने वार्ड में क्षेत्रीय जनता की मांग पर विभिन्न जगहों पर अपनी पार्षद निधि से सीमेंट की कुर्सियाँ रखवाई गई। क्षेत्रीय नागरिकों एवं बुजुर्गों ने इस पुण्य कार्य की सराहना कर पार्षद का आभार माना।

पुलिस ने बदमाश से 220 ग्राम गांजा पकडा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 3 अप्रैल। उटीला पुलिस ने भदावना रोड से एक गांजा तस्कर पकड़ा है। आरोपी के पास से 220 ग्राम गांजा बरामद किया गया है। पुलिस पूछताछ कर रही है कि गांजा कहां से लाता था और किनको बेचने की फिराक में था। पुलिस की पकड़ में आए आरोपी के खिलाफ पहले भी मारपीट के मामले दर्ज किए जा चुके हैं। उटीला थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि बीते रोज मुखबिर से सूचना मिली थी कि भदावना रोड पर एक व्यक्ति गांजा खपाने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम भदावना रोड पहुंची और वहां से राजू गुर्जर पुत्र कल्ली गुर्जर निवासी उटीला को पकड़ लिया। इसकी तलाशी ली तो एक पुड़िया में गांजा रखा हुआ मिला। गांजा मिलते ही पुलिस पकड़कर थाने ले आई और पूछताछ शुरु की। पुलिस की पूछताछ में आरोपी राजू गुर्जर ने इतना ही बताया कि वह बाहर से गांजा लाकर बेचता है। थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह सिसोदिया ने बताया कि राजू गुर्जर पर पहले से मारपीट के मामले दर्ज हैं।

उटीला थाना पुलिस ने की कार्रवाई

चंदन नगर में लगातार तीसरी चोरी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 3 अप्रैल। ग्वालियर थाना क्षेत्र के चंदन नगर व उसके आस-पास के क्षेत्र को चोरों ने टारगेट पर ले लिया है और लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। अज्ञात चोरों ने वहां तीसरी चोरी की वारदात की और आसानी से निकल गए। पुलिस अभी तक इतना भी पता नहीं कर सकी है कि चोर संख्या में कितने थे और कहां से आकर कहां निकल जा रहे हैं। बीते रोज चोरों ने चंदन नगर में एक सूने घर के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरों के साथ 21 हजार रुपए नकद चोरी कर लिए। पुलिस ने मामला कायम कर लिया है। चंदन नगर के ठाकुर मोहल्ला में प्रवीण धाकड़ पुत्र रामनिवास धाकड़ रहते हैं। 31 मार्च की सुबह वह काम से बाहर गए थे और 1 अप्रैल की सुबह वापस आए। घर पहुंचे तो पहली नजर मेन गेट के ताले पर गई जो टूटा हुआ था। अंदर पहुंचे तो नजारा देखते ही समझ गए कि चोर अपना काम करके निकल चुके हैं। अलमारियां खुली हुई थीं तथा सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। प्रवीण धाकड़ ने अलमारी में सामान चेक किया तो वहां से सोने की दो अंगूठी, चांदी की पायल, बिछिया तथा 21 हजार रुपए के साथ अन्य सामान गायब था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास देखा कि सीसीटीवी हैं क्या? फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलाया जिन्होंने घर में कुछ स्थानों से निशान उठाए। पुलिस ने जांच की लेकिन चोरों की परछाई तक का पता नहीं लगा सकी।

पुलिस की पकड़ से चोर बाहर, ग्वालियर थाना क्षेत्र में एकाएक बढ़ी चोरियां

गैंगरेप के दोषी को 20 साल की सजा : अदालत ने नाबालिग से सामूहिक बलात्कार के मामले में मुख्य आरोपी राहुल वर्मा को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला 21 जनवरी, 2024 का है।

इसी मामले में एक सह आरोपी को साक्ष्यों के अभाव में संदेह का लाभ दो देते हुए दोषमुक्त कर दिया गया। जबकि वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी निष्कर्ष करन और जितेंद्र परसराम अभी भी फरार हैं।

यह चोरियां अभी अनसुलझी

शील नगर जो कि चंदन नगर से सटा हुआ है में रहने वाले उमेश यादव पुत्र भगवान सिंह यादव के घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए के जेवर समेट ले गए थे। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज की और जांच शुरु कर दी, लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं लगा सकी। इससे पहले चंदन नगर में रहने वाली कल्पना कुशवाह पत्नी नरेश कुशवाह के घर के ताले तोड़कर अज्ञात चोर लाखों रुपए के जेवर समेट ले गए थे। यह सभी वारदातें चोरों ने उस वक्त अंजाम दीं, जब घर पर कोई नहीं था। चोर दबे पांव आए और घटना करके भाग निकले। इससे यह भी पता चल रहा है कि क्षेत्र में गश्त करने वाले कितने सक्रिय हैं और कितनी तेज निगाहों से अपना काम कर रहे हैं।

गंदे पानी को लेकर सुनील शर्मा उतरे सड़कों पर

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 3 अप्रैल। शहर में गंदे पानी की समस्या खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। खटीक मोहल्ला,खल्लासीपुरा में विगत कई दिनों से पीने के पानी की विकराल समस्या है।

आज कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सुनील शर्मा, कांग्रेस जन व स्थानीय जनता ने खाली बर्तन लेकर प्रदर्शन कर धरना दिया। मौके पर मौजूद शर्मा ने कहा कि अमृत योजना के तहत सरकार ने करोड़ों रुपये जनता के जेब से खर्च किए। और कहा गया कि बिना टिल्लू पंप के तीन मंजिल पर पानी देंगे परंतु आज एक मंजिल पर भी पानी नहीं मिल रहा। महिलाएँ एवं बच्चे दूरदराज से हैंडपंप का पानी भरकर लाने को मजबूर हैं। वहीं शर्मा का कहना है कि इस गंभीर समस्या को देखते हुए शीघ्र पानी की समस्या को हल नहीं किया गया तो निगम मुख्यालय का घेराव करेंगे।

शिंदे की छावनी खटीक मोहल्ले में पानी की समस्या के विरोध में प्रदर्शन

धरने के दौरान यह रहे मौजूद

धरना प्रदर्शन के दौरान विष्णु कुशवाह, महेश मथुरिया, मयंक शर्मा, घनश्याम राजपूत, शुभम सिकरवार, अलीम खान, लल्लू खटीक, चंचल सोनी, राजेश बाथम, लक्ष्मण पाल, मुकेश कौरव, कुणाल प्रजापति, द्रोपती रामबाबू, सरोज किरण, संजू गीता, शांति मदन, पिंकी मंजू कलावती, ज्योति, सावित्री, मनीष सोनी,दीपक आहूजा, मुरारी खटीक, मुईन,शुभम, कल्लू जैन, साहिल, भूषण जैन, मंगल,आशिक़ उस्मानी, आसिफ उस्मानी, रासिद उस्मानी, मुन्ना पटेल, संजय माहौर, दीपक बघेल, महेंद्र सिंह,कैलास बाथम, प्रिंस गोदिया, अरविंद राजपूत, राम सहाय तोमर, रामसेवक गुर्जर, दीपक शर्मा, अभय सिंह सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

सीआईएफ व प्रशासनिक भवन के साथ दुर्ग भी घूमा

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 3 अप्रैल। जीवाजी विश्वविद्यालय एवं सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी, हिमाचल प्रदेश के बीच हुए समझौते ज्ञापन (एमओयू) के तहत शुक्रवार को प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ. शांतिदेव सिसोदिया ने इतिहास विभाग के शैक्षणिक दल को जेयू के प्रशासनिक भवन, केंद्रीय पुस्तकालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम केंद्रीय उपकरण सुविधा केन्द्र (सीआईएफ बिल्डिंग), अटल बिहारी वाजपेयी सभागार, प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व अध्ययनशाला के सर मार्टीमर व्हीलर संग्रहालय का भ्रमण कराया। साथ ही विवि द्वारा अपनी परम्परा एवं धरोहर का संरक्षण करते हुए उसके आधुनिकीकरण से अवगत कराया।

सरदार पटेल विवि के विद्यार्थियों ने देखा जेयू का पुस्तकालय, जानीं पुरातात्विक धरोहरें

सर्वप्रथम प्रशासनिक भवन का भ्रमण कराते हुए डॉ. शान्तिदेव सिसोदिया ने जीवाजी राव सिंधिया की प्रतिमा के साथ विवि की स्थापना एवं उसकी उपलब्धियां बताई। फिर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम केंद्रीय उपकरण सुविधा केन्द्र में प्रयोगशाला तकनीशियन वीरेंद्र शंखवार ने प्रयोगशालाओं में रखीं नवीन एवं विशेष रूप से जापान से आयातित शोध उपकरण, मशीनों एवं केन्द्र की उपलब्धियों से परिचय कराया। केंद्रीय पुस्तकालय में शकील कुरैशी ने प्राचीन पांडुलिपियों एवं दुर्लभ पुस्तकों के संरक्षण, दस्तावेजीकरण, डिजिटलीकरण एवं पुस्तकालय के आधुनिकीकरण के साथ आरएफआईडी सिस्टम एवं इन्फ्लिबनेट के बारे में बताया। इसके बाद संग्रहालय कक्ष में विभागाध्यक्ष डॉ. शान्तिदेव सिसोदिया ने पुरातात्विक अन्वेषणों, धरोहर के संरक्षण से परिचय कराया। वहीं शाम को ग्वालियर दुर्ग पर स्थित तेली का मंदिर, सास बहू, मान मन्दिर एवं लाइट एंड साउंड शो देखा। इस दौरान ग्वालियर की धरोहरों के महत्व को भी जाना। इस अवसर पर सरदार पटेल विवि के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने दोनों विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों में इसी तरह शैक्षणिक भ्रमण एवं सांस्कृतिक आदान प्रदान की संभावना व्यक्त की। इस अवसर पर सहायक आचार्य डॉ. रामपाल, दीपांशु, मनीष, युवराज, राहुल, वेद, विक्रम, महेश्वर, जगदीश, नीरज, शिव, कृतिका, अंजली, कल्पना, अंशिका, भुवनेश्वरी देवी, स्मृति, भुवनेश्वरी ठाकुर, डिम्पल कुमारी, खुशबू, मनीषा, एकता, उमा भारती, डोल्मा आदि शोधार्थी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। आभार सहायक आचार्य डॉ. राकेश कुमार शर्मा ने व्यक्त किया।

हस्तलिखित पुस्तक का हुआ विमोचन

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 3 अप्रैल। अंतरराष्ट्रीय अभिभाषक मंच द्वारा शुक्रवार को एक सराहनीय पहल के तहत हस्तलिखित पुस्तकों का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम मंच कार्यालय में प्रात: 10 बजे संपन्न हुआ, जिसमें साहित्य और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरिहर महाराज रहे, जिन्होंने हस्तलिखित पुस्तक का विधिवत विमोचन किया। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक विजय सिंह चौहान भी मौजूद रहे। उनकी पुस्तक 'सभ्यता जितनी बढ़ जाये, उतना अच्छा है' को लेकर अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए इसे समाजोपयोगी और प्रेरणादायक बताया।

विशिष्ट अतिथियों में लक्की राम बुंदेला, युगनाथ सिंह, बी. के. शर्मा, एम.के. यादव और सत्येंद्र वायपेयी सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल रहे। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि इस प्रकार का साहित्य न केवल ज्ञानवर्धक है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की क्षमता भी रखता है। मंच अध्यक्ष विजय सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में लोगों का रुझान बड़ी पुस्तकों की ओर कम हो रहा है, ऐसे में छोटी, सरल और हस्तलिखित पुस्तकों के माध्यम से साहित्य को आमजन तक पहुंचाना एक प्रभावी प्रयास है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि संगठन अब तक लगभग दो लाख पुस्तकों का नि:शुल्क वितरण कर चुका है, जो अपने आप में एक उल्लेखनीय उपलब्धि है।

कार्यक्रम का संचालन संजय भाई ने किया, जबकि अंत में नंदनी करन ने सभी अतिथियों और उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया।

स्वर्ग सदन में युवक की बिगड़ी तबियत, इलाज के दौरान मौत

ग्वालियर। कोतवाली थाना क्षेत्र के दीप्ति लॉज के पास लावारिश हालत में मिले 47 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान जयारोग्य अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के परिजनों का कुछ पता नहीं चला है, इससे पुलिस ने शव को जेएएच की मयूरी में रखवा दिया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि 31 मार्च को दीप्ति लॉज के पास एक व्यक्ति लावारिस हालत में पड़ा मिला था। उसके बारे में पूछताछ की तो पता चला कि उसका नाम अशोक पाल पुत्र नारायण पाल है और पिछले कई महीनों से वह फुटपाथ पर रहकर जीवन काट रहा था। पुलिस को अशोक पाल की हालत ठीक नहीं दिखी तो उसे स्वर्ग सदन भेज दिया था। वहां अशोक की हालत बिगड़ी तो इलाज के लिए जेएएच में भर्ती कराया था। आज शुक्रवार सुबह 7:30 बजे अशोक की मौत हो गई।

युवक ने महिला पर किया हमला, विधायक सिकरवार ने बचाया

सतीश सिकरवार की कवायद से बची महिला की जान

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 3 अप्रैल। नशे में धुत्त युवक और महिला में विवाद हो गया, जिसमें युवक ने बर्फ तोड़ने के सूजे से महिला पर हमला कर दिया। इसी दौरान वहां से गुजर रहे ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने यह दृश्य देख बीच बचाव करते हुए महिला को बचाया। घटना रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर 4 के सामने की है। जिसमें आरोपी को पड़ाव थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। ग्वालियर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक डॉ. सतीश सिंह सिकरवार बीती रात रेलवे स्टेशन पर किसी को छोड़कर प्लेटफार्म नंबर-4 के रास्ते से बाहर निकल रहे थे। इसी दौरान वहां कुछ युवक व महिलाओं के बीच विवाद हो रहा था। युवक हाथ में बर्फ तोड़ने वाला सूजा पकड़कर लहरा रहा था, जिससे महिला के चोट भी लग गई थी। यह देख विधायक डॉ. सिकरवार ने तुरंत युवक का हाथ पकड़कर उसे काबू किया, जिससे वह महिला पर दोबारा से वार नहीं कर सका।

रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-4 के सामने की घटना, आरोपी गिरफ्तार

यह है पूरा मामला : टेकनपुर निवासी काजल नामक महिला प्लेटफॉर्म पर भीख मांगकर जीवन यापन करती है। वहीं चिंटू उर्फ सचिन सोनी रेलवे स्टेशन पर पानी व कोल्ड्रिंक बेचता है। बीती रात काजल व सचिन दोनों ही शराब पीए हुए थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर उनके बीच बहस हो गई, जिसमें काजल ने सचिन को चांट मार दिया, जिस पर युवक ने भी पलटकर उसे थप्पड़ मार दिया। उस समय तो महिला वहां से चली गई, जो कुछ देर बाद तीन- चार युवकों को अपने साथ लेकर वापस लौटी। यह सब सचिन से विवाद करने लगे, तो उसने सूजा उठाकर लहराना शुरू कर दिया। इसी बीच सूजा लगने से महिला के खून झलक आया। तभी विधायक डॉ. सिकरवार का वहां से निकलना हुआ, जिन्होंने बीच बचाव करते हुए महिला को बचाया।

इनका कहना है...

विधायक ने न सिर्फ बीच बचाव कर महिला को बचाया, बल्कि आरोपी को पकड़कर पड़ाव थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। महिला को भी पुलिस अपने साथ थाने ले गई थी। जहां उसने कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई है, और वह खुद भी देर रात वहां से निकल गई।

- शैलेन्द्र भार्गव
थाना प्रभारी-पड़ाव

विभिन्न स्कूलों में बच्चों से संवाद करने पहुँचेंगे अधिकारी

नवभारत न्यूज
ग्वालियर, 3 अप्रैल। 'स्कूल चलें हम' अभियान के तहत आयोजित हो रहे प्रवेशोत्सव कार्यक्रमों की कड़ी में ग्वालियर जिले की शासकीय शालाओं में भी 'भविष्य से भेंट'' कार्यक्रम होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप शतप्रतिशत पढ़ने योग्य बच्चों को शालाओं से जोड़ने के लिये शासकीय शालाओं में प्रवेशोत्सव मनाए जा रहे हैं। ग्वालियर जिले में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विभिन्न विद्यालयों में जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी पहुंचेंगे और बच्चों से संवाद कर उन्हें पढ़ाई के लिये प्रेरित करेंगे व भविष्य के लिये मार्गदर्शन देंगे। साथ ही पढ़ायेंगे भी। कलेक्टर रुचिका चौहान ने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत शालावार लगाई है। बच्चों द्वारा भविष्य के लिए संजोए गए सपनों को साकार कराने में मदद करने के लिए अधिकारी 4 अप्रैल को शासकीय शालाओं में पहुंचकर बच्चों के साथ संवाद करेंगे। बच्चों से उनके भविष्य के सपनों के बारे में पूछेंगे एवं उस सपने को पूरा करने के लिए मार्ग भी बताएंगे। इस आयोजन का मकसद बच्चों में पढ़ाई के प्रति रूचि पैदा करना है, जिससे आगे चलकर बच्चों का भविष्य बेहतर हो सके।

'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम आज होगा

इन विद्यालयों में बच्चों से संवाद करने पहुँचेंगे वरिष्ठ अधिकारी

सोजान सिंह रावत सी.ई.ओ. जिला पंचायत गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल गोरखी, कुमार सत्यम अपर कलेक्टर गर्ल्स जेए सिंध, सी.बी. प्रसाद अपर कलेक्टर, गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल गजराराजा, अनिल बनवारिया उपजिला निर्वाचन अधिकारी हायर सेकेण्डरी स्कूल बॉयज जनकगंज, सुरेश कुमार संयुक्त कलेक्टर संदीपनी गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल पदमा विधायल, जूही गर्ग संयुक्त कलेक्टर हायर सेकेण्डरी स्कूल टकसाल, विनोद सिंह हायर सेकेण्डरी स्कूल पागनवीसी, एन सी. गुप्ता एसडीएम मुरार गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल शिंदे की छावनी, प्रदीप कुमार शर्मा हायर सेकेण्डरी स्कूल जीवाजीराव, नरेन्द्र बाबू यादव एसडीएम शासकीय माध्यामिक विधालय एसएएफ, अतुल सिंह एसडीएम शासकीय माध्यामिक विधालय केंटोमेंट एमएच चौराहा, एस के त्रिपाठी एसडीएम गर्ल्स हायर सेकेण्डरी स्कूल एमएलबी मुरार, भूमजा सक्सेना डिप्टी कलेक्टर संदीपनी मॉडल स्कूल मुरार, मनीषा कौलडिप्टी कलेक्टर शासकीय माध्यामिक विद्यालय मुरार नंबर, उपासना राय शासकीय माध्यामिक विद्यालय ठाटीपुर, घनश्याम यादव खनिज अधिकारी शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल शिक्षा नगर, मुन्ना सिंह गुर्जर एसएलआर शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रेलवे कॉलोनी, मुनीष सिकरवार अपर आयुक्त (नगर निगम) शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल शिक्षा नौमहला।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा सिटी सेंटर, ग्वालियर से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि., सिटी सेंटर से मुद्रित. संपादक हरीश दुबे* समाचार संपादक- अनिल शर्मा, फोन-0751-4086200, फैक्स- 2343200 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार डाक पंजीयन क्रमांक 507/2008/ग्वा. RNI Reg. No. 62237/95